मनुष्य का जीवन और रूप सौन्दर्य बिजली की चमकवत् चंचल है। राजन् आश्चर्य है, फिर भी तुम इस पर मुग्ध हो रहे हो परलोक की ओर क्यो नही निहारते ?

५७३

जो मनुष्य दूसरे का तिरस्कार करता है वह चिर काल तक संसार मे परिभ्रमण करता है। पर निन्दा पाप का कारण हैं यह समझ कर साधक अहंभाव का पोषण नही करते।

५७४

तुम जिनसे सुख की आशा रखते हो वस्तुतः वे सुख के कारण हैं नही, मोह से घिरे हुए लोग इस बात को नही समझते।

५७५

पीला पत्ता जमीन पर पड़ता हुआ अपने साथी हरे पत्तो से कहता है, आज जैसे तुम हो एक दिन हम भी ऐसे ही थे और आज जैसे हम है एक दिन तुम्हे भी ऐसा ही होना है।

५७६

जावंतविज्जा पुरिसा, सव्वे ते दुक्ख संभवा ।
लुप्पंति बहुसो मूढा, संसारम्मि अणंतए ।

५७७

जीवियनाभि कंखेज्जा, मरणं ना वि पत्थए ।
दुहओ वि न सज्जेज्जा, जीविए मरणे तहा ।

५७६

जितने भी अज्ञानी पुरुष हैं वे सब दुःख के भागी हैं। सत् असत् के विवेक से शून्य वे इस अनन्त संसार मे बार-बार पीड़ित होते रहते हैं।

५७७

साधक, न तो जीवित रहने की इच्छा करे और न शीघ्र मरना ही चाहे, जीवन तथा मरण किसी मे भी आसक्ति न रखे।

श्रमण

५७८

सम सुह दुक्ख सहे अजे स भिक्खू

५७९

रोइ अनाय पुत्तवयणे पंचासव संवरे जे सभिक्खू

५८०

वंतं नो पड़िआयइ जे सभिक्खू

५८१

जे कम्हि विन मुच्छिए स भिक्खू

५८२

मण वय कायसु संवुड़े स भिक्खू

५८३

धम्मज्भाणरए अजे स भिक्खू

५८४

सव्व संगावगए अ जे स भिक्खू

५८५

अणाइले या अकसाइ भिक्खू

श्रमण

५७८

जो सुख दुःख सहने में समभाव रखता है, वह भिक्षु है ।

५७९

ज्ञातपुत्र महावीर के वचन में रूचि लाकर जो पांचो आश्रवों का संवर करता है, वही भिक्षु है ।

५८०

त्यागे हुए को जो पुनः ग्रहण नही करता वही भिक्षु है ।

५८१

जो किसी मे भी मूर्च्छित नही होता है वही भिक्षु है ।

५८२

जो मन वचन काया के द्वारा संवृत्त है, व्रत शील है, वही भिक्षु है ।

५८३

जो धर्म ध्यान मे रत है वही भिक्षु है ।

५८४

जो सभी प्रकार की संगति से दूर है वही भिक्षु है ।

५८५

अनाविल (पापरहित) अथवा अकषायी ही भिक्षु होता है ।

५८६

निग्गंथा उज्जु दंसिणो

५८७

धम्मारामे चरे भिक्खू

५८८

भिक्खू सुसाहुवादी

५८९

चरे मुणी सव्वउ विप्पमुक्के

५९०

निद्दं च भिक्खू न पमाय कुज्जा

५९१

अलोलं भिक्खू न रसे सुगिज्झे

५९२

सामण्णं दुच्चरं

५९३

मुणी ण मज्जई

५९४

निम्ममो निरहंकारो, चरे भिक्खू जिणाहयं।

५९५

अभयंकरे भिक्खु अणाविलप्पा

५८६

निर्ग्रन्थ सरल दृष्टि वाले होते हैं।

५८७

भिक्षु धर्म रूपी वाटिका में ही विचरे।

५८८

भिक्षु सत्य और मधुर बोलने वाला होता है।

५८९

सब तरह से प्रपंञ्च से दूर रहता हुआ मुनि जीवन का व्यवहार चलावे।

५९०

भिक्षु निद्रा और प्रमाद नहीं करे।

५९१

अचंचल होता हुआ (अनासक्त होता हुआ) भिक्षुओं मे गृद्ध न हो।

५९२

श्रमण धर्म का आचरण करना अति कठिन है।

५९३

मुनि अहंकार नही करता है।

५९४

ममता रहित और अहंकार रहित होता हुआ भिक्षु जिन आज्ञानुसार विचरे।

५९५

रागद्वेप रहित आत्मा वाला भिक्षु अभय दान देता रहे।

५६६
भिक्खवत्ती सुहावहा

५६७
मुणीमोणंसमायाय धुणे कम्म सरोरगं

५६८
समे य जे सव्वपाण, भूतेसु सेहु समणे

५६९
विहंगमा व पुप्फेसु दाणभत्ते सणे रया

६००
अवि अप्पणो विदेहम्मि नायरंति ममाइयं

६०१
भुच्चा पिच्चा सुहं सुवई, पावसमणेत्ति वुच्चइ

६०२
असविभागो अचियत्ते पावसमणेत्ति वुच्चइ

६०३
सो समणो जइ सुमणो, भावेण जइण होइ पावमणो ।
सयणे य जणे य समो, समो य माणावमाणेसु ॥

५९६

भिक्षा वृत्ति सुखों को लाने वाली है।

५९७

मुनि मौन को ग्रहण करके शरीर में रहे हुए (आत्मस्थ) कर्मो को कंपित कर दे।

५९८

जो समस्त प्राणियों के प्रति समभाव रखता है वही श्रमण है।

५९९

श्रमण जीवनोपयोगी आवश्यक्ताओं की इस प्रकार पूर्ति करे कि किसी को कुछ कष्ट न हो।

६००

अकिंचन मुनि, और तो क्या अपने देह पर भी ममत्व नहीं रखते।

६०१

जो श्रमण खा पीकर खूब सोता है, समय पर धर्माराधना नही करता है, वह पाप श्रमण कहलाता है।

६०२

जो श्रमण प्राप्त सामग्री को साथियो में बांटता नही है वह पाप श्रमण कहलाता है।

६०३

जिसका हृदय सदा प्रफुल्लित है जो कभी भी पाप चिन्ता नहीं करता जो स्वजन परजन तथा मान और अपमान बुद्धि का सन्तुलन रखता है वही श्रमण है।

६०४

जह मम न पिय दुक्खं, जाणिय एमेव सव्वजीवाणं।
न हणइ न हणावेइ य, समणमई तेण सो समणो ॥

६०५

णत्थि ये से कोइ वेसो पिम्रो य सव्वेसु चेव जीवेसु।
एएण होइ समणो, एसो अन्नो वि पज्जाम्रो ॥

६०६

नाणदंसणसम्पन्नंसंजमे य तवे रयं
एवं गुण समाउत्तं संभ्रयं साहुमालवे ।

६०४

जिस प्रकार मुझे दुःख अच्छा नही लगता उसी प्रकार सभी जीवों को दुःख अच्छा नही लगता यह समझ कर जो न स्वयं हिंसा करता न करवाता अर्थात् सभी प्राणियों पर समबुद्धि रखता है वही श्रमण है।

६०५

श्रमण की एक व्याख्या यह भी है कि जो किसी से द्वेष नही करता जिसे सब समान भाव से प्रिय है, वह श्रमण है।

६०६

सच्चा श्रमण उसी को कहना चाहिए जो ज्ञान और दर्शन से सम्पन्न हो संयम और तपश्चरण में लीन हो और सदा सद्गुण को धारण करने वाला हो।

श्रमणोपासक

६०७

धम्मेणं चेव वित्ति कप्पेमाणाविहरंति

६०८

चत्तारि समणोवासगा अद्दागसमोण
पडागसमाणे खाणु समाणे खरकंट समाणे

६०९

उस्सिय फलिहा, अवंगुय-दुवारा,
चियत्तंतेउर-परघरपवेसा ।

,

ज्ञान

६१०

आत्म ज्ञानी साधक को किसी भी स्थिति में न हर्षित होना चाहिए न कुपित ही।

६११

तत्वद्रष्टा को किसी के उपदेश की अपेक्षा नही है।

६१२

ज्ञानी के लिए बन्ध या मोक्ष जैसा कुछ नही है।

६१३

जो अपने ज्ञान से संसार को ठीक तरह जानता है, वही मुनि कहलाता है।

६१४

जो संसार के दुःखों का ठीक तरह से दर्शन कर लेता है, वह पाप कर्म नही करता।

६१५

ज्ञानी के लिए क्या दुःख क्या सुख ? कुछ भी नहीं है।

६१६

मुमुक्षु तपस्वी अपने कृत कर्मों का बहुत शीघ्र ही अपनयन कर देता है जैसे कि पक्षी अपने पैरो को फड़फड़ाकर उन पर लगी हुयी धूल को झाड़ देता है।

ज्ञान

६१०

तम्हा पण्डिए नो हरिसे नो कुप्पे

६११

उद्देसो पासगस्स नत्थि

६१२

कुसले पुण नो बद्धे न पुत्ते

६१३

पन्नाणेहिं परियाणह लोयं मूणीत्ति वुच्चे

६१४

आयंकदंसी न करेइ पावं

६१५

का अइई के आणंदे ?

६१६

सउणीजह पंसु गुंड़िया, विहुणिय धंसयई सियं रयं ।
एवं दवि ओवहाण वं, कम्मं खवई तवस्सिमाहणे ॥

६१०

आत्म ज्ञानी साधक को किसी भी स्थिति में न हर्षित होना चाहिए न कुपित ही।

६११

तत्वद्रष्ट्रा को किसी के उपदेश की अपेक्षा नहीं है।

६१२

ज्ञानी के लिए वन्ध या मोक्ष जैसा कुछ नहीं है।

६१३

जो अपने ज्ञान से संसार को ठीक तरह जानता है, वही मुनि कहलाता है।

६१४

जो संसार के दुःखो का ठीक तरह से दर्शन कर लेता है, वह पाप कर्म नही करता।

६१५

ज्ञानी के लिए क्या दुःख क्या सुख ? कुछ भी नही है।

६१६

मुमुक्षु तपस्वी अपने कृत कर्मों का बहुत शीघ्र ही अपनयन कर देता है जैसे कि पक्षी अपने पैरो को फड़फड़ाकर उन पर लगी हुयी धूल को झाड देता है।

६१७

जहा हि अंधे सह जो तिणावि
रुवादिणो पस्सति हीणणेत्ति

६१८

आहंसु विज्जाचरणं पमोक्खं

६१९

न कम्मुणा कम्म खवेंति बाला
अकम्मुणा कम्म खवेंति धीरा

६२०

तमे णामं एगे जोई जोई णामं एगे तमे

६२१

इह भविए वि नाणे पर भविए
वि नाणे तदुभय भविए विनाणे

६२२

पढमं नाणं तओ दया

६२३

जहासूई ससुत्ता पड़िया वि न विणस्सइ
तहा जीवे ससुत्तो संसारे न विणस्सइ

६२४

नाणेण जाणइ भावे

६१७

जिस प्रकार अन्ध पुरुष प्रकाश होते हुये भी नेत्र न होने के कारण रूपादि कुछ भी नही देख पाता है इसी प्रकार प्रज्ञाहीन मनुष्य शास्त्र के समक्ष रहते हुये भी सत्य के दर्शन नही कर पाता।

६१८

ज्ञान एव विद्याचरण से ही मोक्ष प्राप्त होता है।

६१९

अज्ञानी मनुष्य पापानुष्ठान से कर्म का नाश नही कर पाते किन्तु ज्ञानी धीर पुरुष अकर्म से कर्म का क्षय कर देते हैं।

६२०

कभी कभी अज्ञानी मनुष्यों मे से भी ज्ञान ज्योति जल उठती है और कभी कभी ज्ञानी हृदय पर भी अज्ञान छा जाता है।

६२१

ज्ञान का प्रकाश इस जन्म मे रहता है परभव मे रहता है और कभी दोनो जन्मो मे भी रहता है।

६२२

पहले ज्ञान होना चाहिए फिर तदनुसार आचरण होना चाहिए।

६२३

धागे मे पिरोई हुयी सुई गिर जाने पर भी गुम नही होती, इसी प्रकार ज्ञान रूप धागे से युक्त आत्मा ससार मे भटकता नहीं, विनाश को प्राप्त नही होता।

६२४

ज्ञान से जीव, जीवादिक तत्वो को जानता है।

६२५

तत्थ पंचविहं नाणं सुयं अभिणिबोहियं
ओहि नाणं तु तइयं मण नाणं च केवलं

६२६

नाणेणविणा न हुंति चरण गुणा

६२७

दुविहा बोही णाण बोही चेव दंसण बोही चेव

६२८

एगेनाणे

६२९

महुगार समाबुद्धा

६३०

नाणी नो परिदेवए

६३१

सीहे मियाण पवरे एवं हवइ बहुस्सुए

६३२

सक्के देवाहिवई एवं हवई बहुस्सुए

६३३

सुयमहिट्ठिज्जा उत्तमट्ठ गवेसए

६२५

मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्याय और केवल इस तरह ज्ञान पांच प्रकार का है।

६२६

ज्ञान के विना जीवन में चारित्र के गुणों की प्राप्ति नहीं होती है।

६२७

समझ दो प्रकार की है, ज्ञान समझ और दर्शन समझ।

६२८

उपयोग की दृष्टि से ज्ञान एक प्रकार का है।

६२९

ज्ञानी मधुकर के समान होते हैं।

६३०

ज्ञानी कभी खेद नही करते।

६३१

जैसे सिंह मृगों में श्रेष्ठ होता है वैसे ही जनता मे बहुश्रुत व्यक्ति श्रेष्ठ होता है।

६३२

जैसे इन्द्र देवताओं का अधिपति होता है, वैसे ही विद्वान भी जनता में प्रमुख होता है।

६३३

श्रुतशास्त्र का अध्ययन करके उत्तम अर्थ की, मोक्ष की खोज करें।

६३४

जिणो जाणइ केवली

६३५

ना दंसणिस्स नाणं

६३६

नाणेण य मुणी होइ
तवेण होई तावसो

६३७

बुद्धा हु ते अंतकड़ा भवंति

६३८

दुविहे नाणे पच्चक्खे चेव परोक्खे चेव

६३९

नाणसंपन्नयाए जीवे
सव्व भावाहि गमं जणयइ

६४०

चउब्बिहा बुद्धी उप्पइया वेणइया
कम्मिया पारिणामिया

६३४

जिन रूप केवली ही सब कुछ जानते हैं।

६३५

सम्यक् दर्शन से रहित का सम्यग् ज्ञान नही होता है।

६३६

ज्ञान से ही मुनि होता है और, तप से ही तपस्वी होता है।

६३७

जो निश्चय में ज्ञानी है वे संसार का अन्त करने वाले होते है।

६३८

ज्ञान दो प्रकार का है प्रत्यक्ष और परोक्ष।

६३९

ज्ञान की संम्पन्नता से जीव सभी पदार्थों का ज्ञान उत्पन्न कर लेता है।

६४०

चार प्रकार की बुद्धि बतलाई गयी है औत्पातिकी, वैनयिकी कार्मिक और पारिणामिकी।

सम्यग्दर्शन

६४१

समत्तदंसी न करेइ पावं

६४२

नत्थि चरित्तं सम्मत्तविहूणं

६४३

नादंसणिज्ज नाणं नाणेण विणा न हुंति चरणगुणा।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो णत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं

६४४

तहियाणं तु भावाणं सब्भावे उवएसणं
भावेणं सद्दहन्तस्स सम्मत्तं तं वियाहियं

६४५

दसणेण य सद्दहे

६४६

नाणब्भट्ठा दंसण लूसिणो

६४७

वीरा सम्मत्त दंसिणो सुद्धं तेसि परक्कंतं

सम्यग्दर्शन

६४१

सम्यग्दर्शी साधक कभी पाप कर्म नही करता ।

६४२

सम्यक्त्व के अभाव मे चारित्र नही हो सकता ।

६४३

सम्यग्दर्शन के अभाव मे ज्ञान प्राप्त नही होता, ज्ञान के अभाव मे चारित्र के गुण नही आ सकते, गुणो के अभाव मे मोक्ष नही होता और मोक्ष के अभाव मे निर्वाण प्राप्त नही होता ।

६४४

जिवादिक सत्य पदार्थो के अस्तित्व के विषय मे सद्गुरु के उपदेश से अथवा स्वय ही अपने भाव से श्रद्धा करना दर्शन कहा गया है ।

६४५

दर्शन के अनुसार ही श्रद्धा रक्खो ।

६४६

सम्यग् दर्शन से पतित हुआ प्राणी सम्यग्ज्ञान से भी भ्रष्ट हो जाता है ।

६४७

जो वीर है और सम्यक्त्व दर्शी है, उन्ही का पराक्रम शुद्ध है ।

६४८

दंसण संपन्नयाए भव मिच्छत्तछेयणं करेई

६४९

सम्मद्दिहठी सया अमूढे

६५०

दिट्ठिमं दिट्ठि ण लूसएज्जा

६५१

चउव्वीसत्थएणं दंसणविसोहिं जययइ

६५२

दुविहे दंसणे सम्म दंसणे चेव
मिच्छा दंसणे चेव

६४८

दर्शन की सम्पन्नता से सांसारिक मिथ्यात्व का छेदन होता है।

६४६

सम्यक् दृष्टि सदैव अमूढ़ होता है।

६५०

सम्यक् दृष्टि वाला अपनी दृष्टि को दूषित नहीं करे।

६५१

चोवीस तीर्थंकरों की स्तुति से सम्यक्त्व शुद्धी होती है।

६५२

दर्शन दो प्रकार का है सम्यक्त्व दर्शन और मिथ्यात्वदर्शन।

चारित्र

६५३

चरित्तेण निगिण्हाई

६५४

अगुणिस्स नत्थि मोक्खो

६५५

चरित्त संपन्नयाए सेलेसी भावं जणयई

६५६

एगे चरित्ते

६५७

विज्जा चरणं पमोक्खं

६५८

सामाइय माहु तस्स जं, जो अप्पाणं भए ण दंसए।

चारित्र

६५३

सावक चारित्र से भोग वासनाओं का निग्रह करता है।

६५४

चारित्र हीन को मोक्ष नही मिलता।

६५५

चारित्र सम्पन्नता से जीवन मे निर्मल गुण पैदा होता है।

६५६

एक ही चारित्र है।

६५७

ज्ञान और चारित्र ही मोक्ष है।

६५८

जो अपनी आत्मा के लिए किसी भी प्रकार का भय नही देखता है, वही उसके लिए सामायिक कही गयी है।

वाणीविवेक

६५६

नो वयणं फरुसं वइज्जा

६६०

राइणियस्स भासमाणस्सवा वियागरेमाणस्स
वा नो अंतरा भास भासिज्जा

६६१

अणणुवीइ भासी से निग्गन्थे

६६२

अणणुवीइ भासी से निग्गथे
समावइज्जामोसं वयणाए

६६३

अणुचिंतिय वियागरे

६६४

जं छन्नं तं न वत्तव्वं

६६५

तुमं तुमंति अमणुन्नं सव्वसो तं न वत्तए

वाणीविवेक

६५९
कठोर वचन न बोले।

६६०
अपने से बडे गुरुजन जब बोलते हों विचार चर्चा करते हो तो उनके बीच मे न बोले।

६६१
जो विचार पूर्वक बोलता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ है।

६६२
जो विचार पूर्वक नही बोलता है, उसका वचन कभी असत्य से दूषित हो सकता है।

६६३
जो कुछ बोले पहले विचार कर बोले।

६६४
जो गोपनीय बात हो वह नही कहनी चाहिए।

६६५
रे तू जैसे अभद्र शब्द कभी नही बोलने चाहिए।

६६६

विभज्जवाय च वियागरेज्जा

६६७

निरुद्धगं वावि न दीहइज्जा

६६८

नाइवेलं वएज्जा

६६९

इमाइं छ अवयणाइं वदित्तए अलियवयणे हीलियवयणे खिंसितवयणे फरुसवयणे गारत्थिय वयणे विउसवित्तं वा पुणो उदीरित्तए

६७०

मोहरिए सच्चवयणस्स पलिमथू

६७१

जमट्ठंतु न जाणेज्जा एवमेयंति नो वए

६७२

जत्थशंकाभवे त तु एवमेयेति नोवए

६७३

न लवे असाहु साहुत्ति, साहुं साहुत्ति आलवे

६६६

विचार शील पुरुष सदा स्याद्वाद से युक्त वचन का प्रयोग करे।

६६७

थोडे मे कही जानी वाली बात को लम्बी न करे।

६६८

साधक आवश्यक्ता से अधिक न बोले।

६६९

छः तरह के वचन नही बोलने चाहिए, असत्यवचन, तिरस्कार युक्त वचन, झिड़कते हुए वचन, कठोर वचन, साधारण मनुष्यो की तरह अविचार पूर्णवचन, और शान्त हुए कलह को फिर से भड़काने वाले वचन।

६७०

वाचालता सत्य वचन का विघात करती है।

६७१

जिस बात को स्वयं न जानता हो उसके सम्बन्ध में 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार निश्चित भाषा न बोले।

६७२

जिस विषय मे अपने को शंका हो उसके विषय मे 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार निश्चित भाषा न बोले।

६७३

किसी भी प्रकार के दबाव व खुशामद मे अयोग्य को योग्य नहीं कहना चाहिए, योग्य को योग्य कहना चाहिए।

६७४

न हासमाणो वि गिरं वएज्जा

६७५

मियं अदुट्ठं अणुवीइ भासए
सयाण मज्झे लहई पसंसणं

६७६

वइज्ज बुद्धे, हिय माणुलोमियं

६७७

वायादुरुत्ताणि दुरुद्धराणि वेराणुबंधीणि महब्भयाणि

६७८

न य कुग्गहियं कहं कहिज्जा

६७९

बहुयं माय आलवे

६८०

नापुट्ठो वागरे किंचि, पुट्ठो वा नालियं वए

६८१

वयगुत्तायाए णं णिव्विकारत्तं जणयइ

६७४

हसते हुए नही बोलना चाहिए।

६७५

जो विचार पूर्वक सुन्दर व परिमित शब्द बोलता है, वह सज्जनो मे प्रशंशा पाता है।

६७६

बुद्धिमान ऐसी भाषा बोले जो हितकारी, हो और सभी को प्रिय हो।

६७७

वाणी से बोले हुए दुष्ट और कठोर वचन जन्म जन्मान्तर के वैर और भय के कारण बन जाते है।

६७८

विग्रह बढाने वाली बात नही करनी चाहिए।

६७९

बहुत नही बोलना चाहिए।

६८०

बिना बुलाए बीच मे कुछ नही बोलना चाहिए, बुलाने पर भी असत्य जैसा कुछ न कहे।

६८१

वचन गुप्ति से निर्विकार स्थिति प्राप्त होती है।

६८२

तहेव काणं काणेत्ति, पडगं पंडगे त्ति वा
वाहियं वा वि रोगि त्ति, तेणं चोरे त्ति नो वए

६८३

णातिवेलं वदेज्जा।

६८४

न असब्भमाहु

६८५

अप्पं भासेज्ज सुव्वए

६८६

न लवेज्ज पुट्ठो सावज्जं

६८७

जं छन्नं त न वत्तव्वं

६८८

अणुचितिय वियागरे

६८९

भासमाणो न भासेज्जा

६९०

अपुच्छिओ न भासिज्जा

६८२

काने को काना, नपुंसक को नपुंसक, रोगी को रोगी, चोर को चोर कहना सत्य है पर ऐसा नही कहना चाहिए इससे उन व्यक्तियो को दुःख पहुंचता है।

६८३

लम्बे समय तक वार्तालाप नही करे।

६८४

असभ्यता के साथ मत बोलो।

६८५

सुव्रती अल्प ही बोले।

६८६

पूछने पर सावद्य न बोले।

६८७

जो गोपनीय हो उसे नही बोलना चाहिए।

६८८

गंभीर विचार करके बोले।

६८९

कोई दूसरा बोलता हो तो उसके बीच न बोले।

६९०

बिना पूछा हुआ नही बोले।

६६१

णोव वंफेज्ज मम्मयं

६६२

सत्तविहे वयण विकप्पे आलावे, अणालावे, उल्लावे, उणुल्लावे, सल्लावे, पलावे, विप्पलावे।

६६३

चत्तारि भासाओ भासित्तए

जायणी, पुच्छणी, अणुन्नवणी, पुट्ठस्सवागरणी।

६६४

मिअं भासे

६६१

मर्मघाती वाक्य नही बोले।

६६२

सात प्रकार का वचन विकल्प कहा गया है। १ थोड़ा बोलना २ कुत्सित बोलना। ३ मर्यादा उल्लंघन कर बोलना। ४ मर्यादा रहित बोलना। ५ परस्पर बोलना। ६ निरर्थक बोलना ७ विरुद्ध बोलना।

६६३

चार प्रकार की भाषा कही गयी है याचनिक पृच्छनिका अवग्राहिका और पृष्ठ व्याकरणिका।

६६४

परिमित बोले।

कर्म

६९५

कड़ाणकम्माण न मोक्खअत्थि

६९६

जमियं जगई पुढ़ोजगा, कम्मेहि लुप्पन्ति पाणिणो
सयमेव कडेहिं गाहई, णो तस्स मुच्चेज्जऽपुठ्ठयं

६९७

सव्वे सयकम्मकप्पिया, अवियत्तेण दुहेण पाणिणो
हिण्डन्ति भयाउला सढ़ा, जाइ जरामरणेहिऽभिदुया

६९८

तम्हा एएसिं कम्माणं, अणुभागा वियाणिया
एएसिं संवरे चेव, खवणे य जए बुहो

६९९

तेणे जहा संधिमुहे गहीए, स कम्मुणा किच्चइ पावकारी
एवं पया पेच्च इंहच लोए कड़ाण कम्माण न मोक्ख अत्थि

कर्म

६६५

किए हुए कर्मो को विना भोगे मुक्ति नही है।

६६६

सभी प्राणी अपने-अपने सचित कर्मों के कारण ही संसार मे आते-जाते हैं, और कर्मानुसार भिन्न-भिन्न योनियो मे पैदा होते हैं। क्योकि कर्म के भोगे विना जीव को छुटकारा नही मिलता।

६६७

प्राणिजन अपने-अपने कर्मो के अनुसार भिन्न-भिन्न योनियो को प्राप्त हुए हैं। कर्मो की अधीनता के कारण एकेन्द्रिय आदि की अवस्था में वे दु.खी रहते हैं। अशुभ कर्मों के कारण जन्म जरा और मरण से सदा भयभीत रह कर गतिचतुष्टय के रूप मे ससार में भटकते रहते हैं।

६६८

कर्मों के फल भोगने पड़ते हैं, ऐसा समझ कर नये कर्मो से क्रिया को रोकने के लिए तथा सचित कर्मों को क्षय करने के लिए बुद्धिमान पुरुष को सदा प्रयत्नशील रहना चाहिए।

६६९

जैसे पापात्मा चोर सेंध लगाने के मौके पर पकड़ा जाकर अपने कर्म से मारा जाता है। ठीक वैसे ही इस लोक से एवं परलोक में कृतकर्मा आत्मा को कृत कर्म का फल भोगना पड़ता है। क्योंकि कृत कर्मो से कभी फंदा नही छूटता।

७००

रागो य दोसोऽविय कम्मवीयं

७०१

पदुट्ठ चित्तो यो चिणाइ कम्मं

७०२

कम्माणि बलवन्ति हि

७०३

कम्मं च मोहप्पभव

७०४

गाढ़ा य विवाग कम्मुणो

७०५

कम्मेहिं लुप्पंति पाणिणो

७०६

कम्मं च जाई मरणस्स मूलं

७०७

संसरइ सुहा सुहेहि कम्मेहिं

७०८

आहाकम्मेहिं गच्छई

७००

असत् कर्म के हेतु—राग और द्वेष हैं।

७०१

प्रदुष्ट चित्त ही असत कर्म को एकत्र करता है।

७०२

कर्म निश्चय ही बलवान हैं।

७०३

मोह ही से कर्मों का उदय होता है।

७०४

कर्मों का फल अत्यन्त प्रभाव कारी होता है।

७०५

प्राणिजन कर्मों से ही डूबते हैं।

७०६

जन्म और मरण का मूल कर्म ही है।

७०७

शुभ कर्मों से नाना रूप सुख शान्ति फैलती है।

७०८

(आत्मा) अपने किये हुए कर्मों के अनुसार ही (परलोक) को जाता है।

७०९

कम्मुणा उवाही जायइ

७१०

इहं तु कम्माइं पुरे कड़ाइं

७११

असुहाण कम्मणिनिज्जारणं पावगं

७१२

कत्तार मेव अणुजाइ कम्मं

७१३

कम्मुणा तेण संजुत्तोगच्छई उ परंभवं

७१४

जहा कडं कम्म तहा से भारे

७१५

जं जारिसपुव्वमकासिकम्मं तमेव आगच्छति संपराए

७१६

कम्मी कम्मेहिं किच्चती

७१७

बाला वेदंति कम्माइं पुरे कड़ाइं

७०९

कर्म मे उपाधियाँ (अनेक विपत्तियाँ) पैदा होती है।

७१०

यहाँ पर जिन कर्मों को भोग रहे हो वे पहिले किए हुये हैं।

७११

अशुभ कर्मों का मूल कारण पाप है।

७१२

कर्म कर्ता का ही अनुगमन करता है।

७१३

उस कर्म के साथ ही जीव परलोक को जाता है।

७१४

जैसा कर्म किया है, वैसा ही उसका वोझ समझो।

७१५

जिसने जैसा पूर्व जन्म मे कर्म किया है, वैसा ही ससार में उसको फल भोगना पड़ता है।

७१६

कर्मी कर्मों से ही दुःख पाता है।

७१७

सभी मनुष्य पूर्वकृत कर्मों का फल भोगते हैं।

७१८

सकम्मुणा विप्परियासुवेइ

७१९

आयाणिज्जं परिन्नाय परियाएण विगिंचइ

७२०

रयाइं खेवेज्ज पुराकड़ाइं

७१८

प्रत्येक आत्मा कर्मों के अनुसार अदलता-बदलता रहता है।

७१९

ज्ञानी आश्रव और बंध को समझ कर साधुता के रूप से उन्हे दूर रखता है।

७२०

पूर्वकृत कर्मों की रज को फेंक दो।

७१८

सकम्मुणा विप्परियासुवेइ

७१९

आयाणिज्जं परिन्नाय परियाएण विगिचइ

७२०

रयाइं खेवेज्ज पुराकड़ाइं

७१८

प्रत्येक आत्मा कर्मों के अनुसार अदलता-बदलता रहता है।

७१९

ज्ञानी आश्रव और बंध को समझ कर साधुता के रूप से उन्हें दूर रखता है।

७२०

पूर्वकृत कर्मों की रज को फेंक दो।

योग

७२२
पंच निग्गहणा धीरा

७२३
आयगुत्ते सयावीरे

७२४
भावणा जोग सुद्धप्पा
जलेणावा व आहिया

योग

७२२

जो पाचो इन्द्रियो का निग्रह करते है वही धीर पुरुष हैं।

७२३

जो वीर होता है वही मन वचन काय गुप्ति को नियंत्रण मे रखता है।

७२४

भावना के योग से शुद्ध आत्मा जल में नांव की तरह कहा गया है।

महापुरुष

७२५

सड्ढो आणाए मेहावी ।

७२६

विणियट्टंति भोगेसु जहा से पुरिसुत्तमो

७२७

वुद्धो भोगे परिच्चयई

७२८

मोहावी अप्पणो गिद्धिमुद्धरे

७२९

अणुन्नएनावणए महेसी

७३०

पंतं लूहं सेवंति वीरा समत्त देसिणो ।

महापुरुष

७२५

जो भगवान की आज्ञा में विश्वास करता है वही महापुरुष है।

७२६

जो भोगों से दूर रहते हैं वे ही श्रेष्ठ महापुरुष है।

७२७

बुद्धिमान पुरुष ही भोगों को छोड़ता है।

७२८

बुद्धिमान और आत्मार्थी पुरुष अपनी ममत्व बुद्धि को हटादे, यही महापुरुषों का पंथ है।

७२९

महात्मा पुरुष न तो हर्ष से अभिमानपुरुष हो और न दुःख से दीन हो।

७३०

सम्यग्दर्शी वीर पुरुष नीरस और निस्वाद भोजन का आहर करते है।

अनित्यता

७३१

इमं सरीरं अणिच्चं असुइ असुइ संभवं

७३२

असासया वासमिणं दुक्ख केसाण भायणं

७३३

अल्लीण गुत्तो निसिए।

७३४

अगुत्ते अणाणाए

७३५

अमणुन्न समुप्पायं दुक्खमेव

७३६

न सव्व सव्वत्थ अभिरोय एज्जा

अनित्यता

७३१

यह शरीर अनित्य है, अशुद्ध है और अशुद्धि से ही उत्पन्न हुआ है।

७३२

यह वास संयोग अशाश्वत् है और दुःख एवं क्लेशों का ही भाजन है।

७३३

गुरु आदि के आश्रित रहता हुआ गुप्ति धर्म का पालन करता हुआ बैठे।

७३४

अगुप्ति वाला आज्ञा से रहित होता है।

७३५

अमनोज्ञ की समुत्पत्ति ही दुःख है।

७३६

सब जगह किसी भी पदार्थ के प्रति ललायित मत हो।

तत्व स्वरूप

७३७

नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा ।
वीरियं उवओगोय, एयं जीवस्स लक्खणं ॥

७३८

जीवाऽजीवा य बन्धोय, पुण्ण पावाऽ सवोतहा
संवरो निज्जरा मोक्खो, सन्तेए तहिया नव

७३९

सरीरं सादियं सनिधणं

७४०

जीवो णो वड्ढंति णो हायंति अवट्ठिया

७४१

नो य उप्पज्जए असं

७४२

करणओ सा दुक्खा नो खलु सा अकरणो दुक्खा

७४३

समुप्पायमजाणंता कहं नायंति संवरं

तत्त्व स्वरूप

७३७

ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, वीर्य और उपयोग ये सब जीव के लक्षण है।

७३८

जीव, अजीव, वन्ध, पुण्य, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा मोक्ष ये नो तत्व हैं।

७३९

शरीर का आदि भी है और अन्त भी है।

७४०

जीव न कभी वढते हैं और न कभी घटते है वल्कि सदा अवस्थित रहते है।

७४१

जो असत् है वह कभी सत् रूप में उत्पन्न नही होता।

७४२

कोई भी क्रिया किए जाने पर ही सुख दुःख का कारण वनती है, न किये जाने पर कभी नही।

७४३

जो दुखोत्पत्ति के कारण को नही समझता वह उस के निरोध का कारण कैसे जान सकेगा ?

मोक्ष

७४४

खेमं च सिवं अणुत्तरं

७४५

मुद्धेण उवेति मोक्खं

७४६

सव्व संग विनिम्मुक्को सिद्धे भवई नीरए

७४७

सिद्धो हवइ सासओ

७४८

अन्नाण मोहस्स विवज्जणाए
एगन्त सोक्खं समुवेइ मोक्खं

७४९

मोक्खसब्भूय साहणा नाणं च दंसणं चेव चरित्तं चेव

७५०

अगुणिस्स नत्थिमोक्खो

७५१

नत्थि अमोक्खस्स निव्वाण

मोक्ष

७४४

मोक्ष शिव स्वरूप है, और श्रेष्ठ है।

७४५

शुद्ध आत्मा मोक्ष को प्राप्त करती है।

७४६

सभी प्रकार के संग से विनिर्मुक्त होती हुयी सिद्ध आत्मा कर्म रहित हो जाती है।

७४७

सिद्ध प्रभु शाश्वत होते है।

७४८

अज्ञान रूपी मोह के विवर्जन से एकान्त मोक्ष सुख को प्राप्त करता हैं।

७४९

मोक्ष के सदभूत साधन ज्ञान दर्शन और चारित्र है।

७५०

अगुणी का मोक्ष नही है।

७५१

कर्मो से अमुक्त के लिए निर्वाण नही है।

७५२

इहरे य पाणे वुड्ढे य पाणे, ते अत्तओ पासइ सव्वलोए
उव्वेहइ लोगमिणं महन्तं, बुद्धो पमत्तेसु परिव्वएज्जा

७५३

जे अणण्णारामे से अणत दंसो

७५४

अरइं आउट्टे से मेहावि खवंसि मुक्के

७५५

आयाणं निसिद्धा सगब्भि

७५६

पच्छावि ते पयाया खिप्पं गच्छन्ति अमरभवणाइं।
नेसिंपिओ तवोसंजमो य, खंति अ बंभ चेरं च॥

७५७

नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा,
एस मग्गुत्ति पण्णत्तो, जिणेहिं वरं दरिसिहि।

७५८

विगिंच कम्मणो हेऊं जस संचिणु खंतिए,
सरीर पाढ़वं हिच्चा उड्ढ पकमई दिस।

७५२

जो संसार के सब प्राणियों को आत्मवत् देखता है, संसार को अशाश्वत समझता है और अप्रमत्त भाव से संयम में रहता है वही मोक्ष का अधिकारी है।

७५३

जो साधक मोक्ष के अतिरिक्त कही भी रूची नही रखता वही अटल श्रद्धा वाला माना गया है।

७५४

जो साधक अरति को दूर रखता है, वह क्षण भर मे मुक्त हो जाता है।

७५५

भावि कर्मो का आश्रव रोकने वाला साधक पूर्व संचित कर्मों का भी क्षय कर देता है।

७५६

जो ढलति हुयी उम्र में भी संयम के मार्ग मे चल पड़ते है, और तप संयम क्षमा तथा वह्मचर्य को प्रिय समझ कर उनमें रमण करते हैं, वे भी अमरत्व को प्राप्त हो जाते है।

७५७

सर्वदर्शी ज्ञानियों ने ज्ञान दर्शन चारित्र और तप को ही मोक्ष का मार्ग वतलाया है।

७५८

कर्म वन्ध के कारणो को ढूंढ़ो, उनका छेद करो, और फिर क्षमादि के द्वारा अक्षय यश का संचय करो साधक पार्थिव शरीर को छोड़कर सद्गति को प्राप्त करता है।

७५९

नादंसणिस्स नाणं नाणेण विणा न हुंति चरण गुणा,
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं।

७६०

जयासंवर मुक्किट्ठं धम्मं फासे अणुत्तरं,
तया धुणइ कम्मरयं अवोहि कलुस कड।

७६१

जया जोगे निरुंभित्ता सेलेसिं पड़िवज्जई,
तया कम्मं खवित्ताणं सिद्धि गच्छइ नीरओ।

७६२

जयाकम्मं खवित्ताणं सिद्धि गच्छई नीरओ,
तया लोगमत्थयत्थो सिद्धो हवइ सासओ।

७६३

छिंदिज्ज सोयं लहुभूयगायी

७५९

श्रद्धा हीन को ज्ञान नही होता है, ज्ञान हीन को आचरण नही होता आचरण हीन को मोक्ष नही मिलता, और मोक्ष पाये विना निर्वाण-पूर्ण शान्ति नही मिलती ।

७६०

जब साधक उत्कृष्ट एवं अनुत्तर धर्म का स्पर्श करता है, तब आत्मा पर से अज्ञान कालिमा जन्य कर्म रज को झाड़ देता है।

७६१

जब मन, वचन और शरीर के योगो का निरोध कर आत्मा शैलेशी अवस्था को पाती है पूर्णतः स्पन्दन रहित हो जाती है तब कर्मों का क्षय कर सर्वथा मल रहित होकर मोक्ष को प्राप्त होता है ।

७६२

जब आत्मा समस्त कर्मों का क्षय कर सर्वथा मल रहित होकर मोक्ष को पा लेती है, तब लोक के अग्रभाग पर स्थित होकर सदा के लिए सिद्ध हो जाति है ।

७६३

शीघ्र ही मोक्ष में जाने की इच्छा रखने वाला साधक संताप को दूर रखे ।

भिक्षाचरी

७६४

जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियइ रसं।
ण य पुप्फं किलामेइ, सोय पीणेइ अप्पयं ॥

७६५

एमे ए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्ते सणे रया ॥

७६६

अलाभुत्ति न सोएज्जा, तवोत्ति अहियासए

७६७

समुयाणं चरे भिक्कू कुलमुच्चावयं सया।
नीय कुलमइक्कम्मं, ऊसढं नाभिधारए ॥

७६८

न चरेज्ज वासे वासंते महियाए वा पडंतिए।
महावाए व वायंते तिरिच्छ सपाइमेसुवा ॥

७६९

अलद्धुयं नो परिदेव एज्जा
लद्धु न विकत्थयई स पुज्जो

७७०

महुघयं व भुंजिज्ज संजए

७७१

भारस्स जाश्रा मुणि भुज्जएज्जा

७७२

पक्खी पत्तं समादाय निखेक्खो परिव्वए

७७३

न रसट्ठाए भुंजिज्जा जवणट्ठाए महामुणी

७६९

भिक्षा न मिलने पर जो खेद प्रकट नहीं करता और मिलने पर प्रशंसा नही करता, वह पूज्य है।

७७०

सरस या निरस जैसा भी आहार समय पर उपलब्ध होजाय, साधक उसे 'मधुघृत' की तरह प्रसन्न चित्त से खाए।

७७१

मुनि संयम निर्वाह के लिए आहार ग्रहण करे।

७७२

मुनि पक्षी की भाती कल की अपेक्षा न रखता हुआ पात्र लेकर भिक्षा के लिए परिभ्रमण करे।

७७३

मुनि स्वाद के लिए न खाए, बल्कि जीवन निर्वाह के लिए खाए।

उपदेश

७७४

भूएहिं न विरुज्झेज्जा

७७५

मियं कालेणभक्खए

७७६

जं सेयं तं समायरे

७७७

कंखे गुणे जाव सरीर भेउ

७७८

जं किच्चा णिव्वुड़ा एगे निट्ठं पावंति पंड़िया

७७९

कालेकालं समायरे

७८०

दिट्ठेहिं निव्वेयं गच्छिज्जा

७८१

अच्चे ही अणुसास अप्पयं

उपदेश

७७४

प्राणियों के साथ वैरभाव मत रक्खो।

७७५

समयानुसार परिमित भोजन करो।

७७६

जो कल्याणकारी है उसीका आचरण करो।

७७७

शरीर समाप्ती के अन्तिम क्षण तक भी गुणो की आकाक्षा करते रहो।

७७८

सत् आचरण को करके अनेक निवृत्त हुए हैं। उसी आधार से पण्डित सिद्धि को प्राप्त करते है।

७७९

काल क्रम के अनुसार ही जीवन व्यवहार को चलावे।

७८०

विरोधी उपदेशों से उदासीनता ग्रहण करलो।

७८१

त्यागी अपनी आत्मा को अनुशासित करें।

७८२

पिय मपियं कस्सइ णो करेज्जा

७८३

सोयं परिण्णायचरिज्जदेते

७८४

जं मयं सव्व साहूणं तं मयं सल्ल गत्तणं

७८५

तमेव सच्च नीसंक जं जिणेहिं पवेइय

७८६

वण्णजरा हरइ नरस्स

७८७

जरोवणीयस्स हु नत्थि ताणं

७८८

न सिया तोत्त गवेसए

७८९

दव दवस्स न गच्छेज्जा

७९०

अकप्पियं न गिण्हिज्जा

७८२

प्रिय अप्रिय सभी शांतिपूर्वक सहन करो।

७८३

संयमी निरवद्य आचारका ज्ञान करे तदनुसार आचरण करें।

७८४

जो सिद्धान्त सभी साधुओं द्वारा मान्य है वही सिद्धान्त शल्य को छेदने वाला है।

७८५

सत्य और निःशंक उसी को समझो जो कि वीतराग देव द्वारा कहा गया है।

७८६

बुढापा मनुष्य के वर्ण को हरण कर लेता है।

७८७

बुढापे को प्राप्त हुए जीव के लिए निश्चय ही रक्षा का साधन नही है।

७८८

पर छिद्रो के ढूंढ़ने वाले मत बनो।

७८९

जल्दी जल्दी धब धब करके नही चले।

७९०

अकल्पनीय ग्रहण नही करें।

७६१

सव्वत्थ विरतिं कुज्जा

७६२

अज्जाइं कम्माइं करेहि

७६३

रस गिद्धे न सिया

७६४

कुम्मुव्व अलीण पलीण गुत्तो

७६५

हसंतो नाभिगच्छेज्जा

७६६

निव्वाणं संधए मुणि

७६७

अणुसासण मेव पक्कमे

७६८

छिन्न सोए अममे अकिंचणे

७६९

संकट्ठाणं विवज्जए

८००

खणं जाणाहि पण्डिए

७९१

सब जगह संवर का आचरण करो।

७९२

श्रेष्ठ कामो को करो।

७९३

रस में गृद्ध वाले मत बनो।

७९४

गुरु आदि के आश्रय में रहता हुआ कछुए के समान अपनी इन्द्रियों को और मन को सयम मे रखने वाला बने।

७९५

हंसता हुआ नहीं चले।

७९६

मुनि निर्वाण को ही साधे।

७९७

भगवान की आज्ञा मे ही पराक्रम शील हो।

७९८

आत्मार्थी छिन्न शोक वाला, ममता रहित और अकिंचन धर्म वाला होवे।

७९९

शंका के स्थान को छोड़ दो।

८००

हे आत्मज्ञ ! समय के मूल्य को पहचानो।

देवेन्द्र मुनि, शास्त्री

सन्मति ज्ञानपीठ, आगरा—२

डॉ० कपिलदेव द्विवेदी की नई कृति

संस्कृत-व्याकरण

- बी० ए० और एम० ए० कक्षाओं में निर्धारित समस्त व्याकरण इस ग्रन्थ में प्रस्तुत किया गया है।
- सम्पूर्ण लघुकौमुदी हिन्दी-माध्यम द्वारा अत्यन्त सरल एवं सुबोध रूप में दी गई है।
- विदेशी भाषाओं में व्याकरण के अध्ययन को सरल एवं रुचिकर बनाने के लिए जो पद्धति अपनाई गई है, उसका ही उपयोग इस पुस्तक में किया गया है।
- सिद्धान्त-कौमुदी से सम्पूर्ण कारक-प्रकरण विस्तृत व्याख्या-सहित इसमें प्रस्तुत किया गया है।
- वैदिक-व्याकरण का अत्युपयोगी अंश भी इस पुस्तक में दिया गया है। साथ ही वैदिक और संस्कृत-व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। वैदिक छन्दों का परिचय भी सरल रूप में दिया गया है।
- प्राकृत-व्याकरण का आवश्यक और उपादेय विवरण भी इस पुस्तक में दिया गया है।
- व्याकरण के पारिभाषिक शब्दों का शब्द-कोश भी प्रस्तुत किया गया है।
- व्याकरण-शास्त्र के उद्भव और विकास का इतिहास विस्तार से दिया गया है।

पृष्ठसंख्या—४९२ (डिमाई)　　　　मूल्य—१२.५०

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

७६१

सव्वत्थ विरतिं कुज्जा

७६२

अज्जाइं कम्माइं करेहि

७६३

रस गिद्धे न सिया

७६४

कुम्मुव्व अलीण पलीण गुत्तो

७६५

हसंतो नाभिगच्छेज्जा

७६६

निव्वाणं संघए मुणि

७६७

अणुसासण मेव पक्कमे

७६८

छिन्न सोए अममे अकिंचणे

७६९

संकट्ठाणं विवज्जए

८००

खणं जाणाहि पण्डिए

७६१

सव जगह संवर का आचरण करो।

७६२

श्रेष्ठ कामो को करो।

७६३

रस मे गृद्ध वाले मत वनो।

७६४

गुरु आदि के आश्रय में रहता हुआ कछुए के समान अपनी इन्द्रियों को और मन को संयम मे रखने वाला बने।

७६५

हंसता हुआ नही चले।

७६६

मुनि निर्वाण को ही साधे।

७६७

भगवान की आज्ञा मे ही पराक्रम शील हो।

७६८

आत्मार्थी छिन्न शोक वाला, ममता रहित और अकिंचन धर्म वाला होवे।

७६६

शंका के स्थान को छोड़ दो।

८००

हे आत्मज्ञ ! समय के मूल्य को पहचानो।

७९१

सव्वत्थ विरतिं कुज्जा

७९२

अज्जाइं कम्माइं करेहि

७९३

रस गिद्धे न सिया

७९४

कुम्मुव्व अलीण पलीण गुत्तो

७९५

हसंतो नाभिगच्छेज्जा

७९६

निव्वाणं संधए मुणि

७९७

अणुसासण मेव पक्कमे

७९८

छिन्न सोए अममे अकिंचणे

७९९

संकट्ठाणं विवज्जए

८००

खणं जाणाहि पण्डिए

७९१

सब जगह संवर का आचरण करो।

७९२

श्रेष्ठ कामों को करो।

७९३

रस मे गृद्ध वाले मत बनो।

७९४

गुरु आदि के आश्रय मे रहता हुआ कछुए के समान अपनी इन्द्रियों को और मन को संयम मे रखने वाला बने।

७९५

हंसता हुआ नही चले।

७९६

मुनि निर्वाण को ही साधे।

७९७

भगवान की आज्ञा मे ही पराक्रम शील हो।

७९८

आत्मार्थी छिन्न शोक वाला, ममता रहित और अकिंचन धर्म वाला होवे।

७९९

शंका के स्थान को छोड़ दो।

८००

हे आत्मज्ञ ! समय के मूल्य को पहचानो।

प्रशस्त

८०१

नो लोगस्सेसणं चरे

८०२

बुद्धा धम्मस्स पारगा

८०३

आणाए अभिसमेच्चा अकुओभयं

८०४

आवट्ट सोए संग मभिजाणाई

८०५

भाव विसोहीए निव्वाण मभिगच्छई

८०६

संघ पाउमस्सभद्दं समणगण सहस्स पत्तस्स

स्नेह सूत्र

८०७

स्नेह पाश में बंधे हुए मुनि की स्वजन उसी तरह चोकसी रखते हैं जिस तरह नए पकड़े हुए हाथी की।

८०८

माता, पिता, आदि का स्नेह सम्बन्ध छोड़ना उसी तरह कठिन है जिस तरह समुद्र को पार करना।

८०९

मुनि संसर्ग को संसार का कारण समझ कर उसका परित्याग कर देवें।

८१०

पूर्व संयोगो को छोड़कर फिर किसी भी वस्तु में स्नेह न करें।

८११

जैसे शरद्ऋतु का कुमुद जल में लिप्त नही होता, वैसे तूं भी अपने स्नेह को छोड़कर निर्लिप्त बन।

८१२

जो तेरे से स्नेह करता है, उससे भी तूं नि:स्नेह भाव से रह।

८१३

स्नेह के बन्धन भयंकर हैं।

स्नेह सूत्र

८०७

निबद्धो नाइ संगेहिं हत्थी वा वि नवग्गेहे।

८०८

ए ए संगा मणूसाणं पायाला व अतारिमा।

८०९

तं च भिक्खू परिन्नाय सव्वे संगा महासवा।

८१०

विजहित्तु पुव्वसंजोग न सिणेह कहंचि कुविज्जा।

८११

वोच्छिंद सिणेहमप्पणो कुमुअं सारईयं व पाणियं।

८१२

असिणेह सिणेह करेहि।

८१३

नेहपासा भयंकरा।

अज्ञान

८१४

मोहाच्छन्न अज्ञानी साधक सकट आने पर, धर्म शासन की अवज्ञा कर फिर ससार की ओर लोट पड़ते है।

८१५

अज्ञानी साधक जब कभी असत्य विचारो को सुन लेता है तो वह उन्ही मे उलझ कर रह जाता है।

८१६

अज्ञानी का संग नही करना चाहिए।

८१७

अज्ञानी सदा सोये रहते है और ज्ञानी सदा जागते रहते है।

८१८

यह समझ लिजीए कि ससार मे अज्ञान तथा मोह ही अहित और दुःख करने वाले है।

८१९

अधा अधे का पथ प्रदर्शक बनता है तो वह अभीष्ट मार्ग से दूर भाग जाता है।

८२०

अज्ञानी साधक उस जन्मान्ध व्यक्ति के समान है जो सछिद्र नौका पर चढकर नदी किनारे पहुँचना तो चाहता है पर किनारा आने के पहले ही प्रवाह मे डूब जाता है।

अज्ञान

८१४

अणाणाय पुट्ठा वि एगे नियंट्टंति
मदा मोहेण पाउड़ा

८१५

वितहं पप्पऽखेयन्ने तम्मि ठाणम्मि चिट्ठइ ।

८१६

अल बालस्स संगेणं

८१७

सुत्ता अमुणी मुणिणो सया जागरन्ति

८१८

लोयंसि जाण अहियाय दुक्खं

८१९

अंधो अंधं पहं णितो दूरमद्धाणुगच्छइ

८२०

जहा अस्साविणि णावं जाइअंधो दुरुहिया
इच्छइ पारमागंतु अंतराय विसीयई

८२१

अज्ञानी आत्मा पाप करके भी उस पर अंहकार करता है।

८२२

जो अज्ञान के कारण पथभ्रष्ट होगया है उसे फिर भविष्य में संबोधि मिलना कठिन है।

८२३

अज्ञानी आत्मा क्या करेगा? वह पुण्य और पाप को कैसे जान पाएगा?

८२४

जो न जीव और अजीव को जानता है वह संयम को कैसे जान पाएगा?

८२५

जितने भी अज्ञानी तत्व बोध हीन पुरुष हैं, वे सब दुःख के पात्र है। इस अनन्त संसार मे वे मूढ़ प्राणी बार-बार विनाश को प्राप्त होते रहते है।

८२६

अज्ञानी जीव विवश हुए अंधकाराच्छन्न आसुरी गति को प्राप्त होते हैं।

८२१

बाले पापेहि मिज्जती

८२२

इओ विद्धं समाणस्स पुणो संबोही दुल्लभा

८२३

अन्नाणि किं काही किं वा नाहो सेय पावग

८२४

जीवाजीवे अयाणंतो कहं सो नाही संवरं ?

८२५

जावंतड विज्जापुरिसा सव्वे ते दुःख संभवा
लुप्पति बहूसो मूढ़ा संसारम्मि अणंतए

८२६

आसुरीयं दिसं बाला गच्छति अवसातमं

अप्रमाद

८२७

जो प्रमत्त है विषयासक्त हैं वह निश्चित ही जीवो को दण्ड देने वाले होते हैं।

८२८

मेधावी साधक को आत्मज्ञान द्वारा यह निश्चय करना चाहिए कि मैंने पूर्व जीवन मे प्रमाद वश जो कुछ भूले की है वे अव कभी नही करूंगा।

८२९

अनन्त जीवन प्रवाह में मानव जीवन को वीच का एक सुअवसर जान कर धीर साधक मुहूर्त भर के लिए भी प्रमाद न करे।

८३०

बुद्धिमान साधक को अपनी साधना में प्रमाद नही करना चाहिए।

८३१

प्रमत्त को सव ओर भय रहता है अप्रमत्त को किसी ओर भी भय नही रहता है।

८३२

उठो प्रमाद मत करो।

८३३

प्रमाद को कर्म, आश्रव और अप्रमाद को अकर्म, संवर कहा है।

अप्रमाद

८२७

जे पमत्ते गुणट्ठिए से हु दंडे त्ति पवुच्चति

८२८

तपरिण्णाय मेहावी इयाणिं णो
जमहं पुव्वमकासी पमाएणं

८२९

अंतरं च खलु इमं संपेहाए
धीरे मुहुत्तमवि णो पमायए

८३०

अलं कुसलस्स पमाएणं

८३१

सव्वओ पमत्तस्स भयं
सव्वओ अपमत्तस्स नत्थि भयं

८३२

उट्ठिए नो पमायए

८३३

पमायं कम्ममाहंसु अप्पमायं तहावरं

८३४

चतुर वही है जो कभी प्रमाद न करे,

८३५

आत्म-साधना मे अप्रमत्त रहने वाले साधक न अपनी हिंसा करते हैं न दूसरो की वे सर्वथा अनारभ अहिसक रहते हैं।

८३६

सदा अप्रमत्तभाव से साधना मे यत्न शील रहना चाहिए।

८३७

समय वड़ा भयकर और इधर प्रतिक्षण जीर्ण शीर्ण होता हुआ, शरीर है अत. अप्रमत्त होकर भारंड़पक्षी की तरह विचरण करना चाहिए।

८३८

जागृत साधक प्रमादी के वीच भी सदा अप्रमादी रहता है।

८३९

धीर! एक मुहुर्त्त का भी प्रमाद मत कर, तेरी आयु वीत रही है और यौवन ढल रहा है।

८४०

हे गौतम! क्षणमात्र का प्रमाद मतकर।

८४१

जीवन क्षणभगुर है अतः क्षणभर भी प्रमाद मत करो।

८४२

प्रमादी धन के द्वारा अपनी रक्षा नही कर सकता।

८३४

जे छेय से विप्पमायं न कुज्जा

८३५

जे ते अप्पमत्ते संजया ते णं नो आयारंभा,
नो परारंभा जाव अणारंभा।

८३६

अप्पमत्तो जये निच्चं

८३७

घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं भारंड पक्खीव चरेऽप्पमत्ते

८३८

सत्तेसुयावि पड़िबुद्ध जीवी

८३९

धीरो मुहुत्तमपिणो पमायए
वओ अच्चेइ जोव्वणं च

८४०

समयं गोयम मा पमायए

८४१

असंखयं जीवियं मा पमायए

८४२

वित्तेण ताणं न लभे पमत्ते

८३४

चतुर वही है जो कभी प्रमाद न करे,

८३५

आत्म-साधना मे अप्रमत्त रहने वाले साधक न अपनी हिंसा करते हैं न दूसरो की वे सर्वथा अनारभ अहिसक रहते हैं।

८३६

सदा अप्रमत्तभाव से साधना मे यत्न शील रहना चाहिए।

८३७

समय वड़ा भयकर और इधर प्रतिक्षण जीर्ण शीर्ण होता हुआ, शरीर है अतः अप्रमत्त होकर भारंड़पक्षी की तरह विचरण करना चाहिए।

८३८

जागृत साधक प्रमादी के वीच भी सदा अप्रमादी रहता है।

८३९

धीर ! एक मुहुर्त्त का भी प्रमाद मत कर, तेरी आयु वीत रही है और यौवन ढल रहा है।

८४०

हे गौतम ! क्षणमात्र का प्रमाद मतकर।

८४१

जीवन क्षणभंगुर है अतः क्षणभर भी प्रमाद मत करो।

८४२

प्रमादी धन के द्वारा अपनी रक्षा नही कर

८४३

विप्पमायं न कुज्जा

८४४

जीवो पमाय बहुलो

८४५

नाणी नो पमाए कयाइ वि

८४६

अप्पाण रक्खी चरे अप्पमत्तो

८४७

से यं खु मेयं ण पमोय कुज्जा

८४३

प्रमाद मत करो।

८४४

स्वभाव से ही जीव बहुत प्रमादी है।

८४५

ज्ञानी कभी भी प्रमाद नही करे।

८४६

अपनी आत्मा की रक्षा करने वाला अप्रमादी होता हुआ विचरे।

८४७

इसमे मेरा ही कल्याण है ऐसा विचार कर प्रमाद का सेवन न करे।

अनासक्ति

८४८

आसं च छंदं च विगिच धीरे, तुमं चेव सल्लमाहट्ठु

८४९

जहा जुन्नाइं कट्ठाइं हव्ववाहो
पमत्थइ एव अत्त समाहिए अणिहे

८५०

सव्वत्थ भगवया अनियाणया पसत्था

८५१

कामे कमाही कमियं खु दुक्खं

८५२

असंसत्तं पलोइज्जा

८५३

कन्नसोक्खेहि सद्देहिं पेमं नाभिनिवेसए

८५४

इह लोए निप्पिवासस्स नत्थि किंचि वि दुक्करं

अनासक्ति

८४८

हे धीर पुरुष ! आशा, तृष्णा और स्वच्छन्दता का त्याग कर। तू स्वयं ही इन काटो को मन में रखकर दुःखी हो रहा है।

८४९

जिस प्रकार अग्नि पुराने सूखे काष्ठ को शीघ्र ही भस्म कर डालती है, उसी तरह सतत अप्रमत्त रहने वाला साधक कर्मों को कुछ ही क्षणों मे क्षीण करदेता है।

८५०

भगवान ने सर्वत्र निष्कामता को श्रेष्ठ वतलाया है।

८५१

कामनाओ को दूर करना ही दुःखो को दूर करना है।

८५२

किसी भी वस्तु को ललचाही आखो से न देखें।

८५३

केवल कर्णप्रिय तथा तथ्यहीन शब्दो मे अनुरक्ति नही रखनी चाहिए।

८५४

जो व्यक्ति संसार की तृष्णा से रहित है उसके लिए कुछ भी कठिन नही है

मनोनिग्रह

८५५

नो उच्चावयं मणं नियंछिज्जा

८५६

मणं परिजाणइ से निग्गथे

८५७

अदीण मणसो चरे

८५८

संकाभिओ न गच्छेज्जा

८५९

मणोसाहस्सिओ भीमो दुट्ठस्सो परिधावई
तं सम्मं तु निगिण्हामि धम्मं सिक्खाइ कन्थगं

८६०

मणगुत्तयाएणं जीवे एगग्गं जणयइ

मनोनिग्रह

८५५

संकट में मन को ऊँचा नीचा अर्थात् डांवाडोल नही होने देना चाहिए ।

८५६

जो अपने मन को अच्छी तरह से परखना जानता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ साधु है ।

८५७

ससार में अदीन भाव से रहना चाहिए ।

८५८

जीवन मे भयभीत होकर मत चलो ।

८५९

यह मन बड़ा ही साहसिक भयंकर दुष्ट घोड़ा है जो बडी तेजी के साथ दौड़ता रहता है । मैं धर्मशिक्षा रूप लगाम से उस घोड़े को अच्छी तरह से वश मे किए रहता हूँ ।

८६०

मनोगुप्तता से जीव एकाग्रता को प्राप्त होता है ।

मनोनिग्रह

८५५

नो उच्चावयं मणं नियंछिज्जा

८५६

मणं परिजाणइ से निग्गंथे

८५७

अदीण मणसो चरे

८५८

संकाभिओ न गच्छेज्जा

८५९

मणोसाहस्सिओ भीमो दुट्ठस्सो परिधावई
तं सम्मं तु निगिण्हामि धम्मं सिक्खाइ कन्थगं

८६०

मणगुत्तयाएणं जीवे एगग्गं जणयइ

मनोनिग्रह

८५५

संकट में मन को ऊँचा नीचा अर्थात् डांवाडोल नही होने देना चाहिए ।

८५६

जो अपने मन को अच्छी तरह से परखना जानता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ साधु है ।

८५७

ससार मे अदीन भाव से रहना चाहिए ।

८५८

जीवन में भयभीत होकर मत चलो ।

६५६

यह मन बडा ही साहसिक भयंकर दुष्ट घोड़ा है जो वड़ी तेजी के साथ दौड़ता रहता है । मै धर्मशिक्षा रूप लगाम से उस घोड़े को अच्छी तरह से वश मे किए रहता हूँ ।

८६०

मनोगुप्तता से जीव एकाग्रता को प्राप्त होता है ।

रागद्वेष

८६१

दुविहे बंधे, पेज्जबंधे चेव दोस बंधे चेव

८६२

रागोय दोषोय बिय कम्मबीय कम्मं च मोहप्पभवं वयंति
कम्मं च जाइमरणस्समूलं दुःक्खं च जाइमरणं वयंति

८६३

रागस्स हेऊँ समणुन्नमाहु दोसस्स हेऊँ अमणुन्नमाहु

८६४

पेज्जवत्तिया मुच्छा दुविहा माए चेव लोहे चेव

८६५

वेराणुबंधीणिभयऽभयाणि

८६६

छिंदाहि दोसं विणएज्जरागं

८६७

रागदोसा दअोतिव्वा नेहपाया भयंकरा

रागद्वेष

८६१

बन्धन दो प्रकार के हैं, प्रेम का बन्धन और द्वेष का बन्धन।

८६२

राग और द्वेष ये दोनों कर्म के बीज है। कर्म मोह से उत्पन्न होता है, कर्म ही जन्ममरण का मूल है, और जन्म मरण ही वस्तुतः दुःख है।

८६३

मनोज्ञ शब्द आदि राग के हेतु होते है, और अमनोज्ञ द्वेष के हेतु है।

८६४

रागवृत्ति से सम्बन्धित मूर्च्छा दो प्रकार की है, माया सम्बन्धी और लोभ सम्बन्धी।

८६५

वैर का अनुबंध महान् भय वाला होता है।

८६६

द्वेष को काट डालो और राग को हटादो।

८६७

रागद्वेष आदि मोहपाश तीव्र है और भयंकर है।

पापपुण्य

८६८

पावोगहा हि आरंभा दुक्खफासाय अंतसो

८६९

इहलोगे सुचिन्नाकम्मा इहलोगे
सुहफलविवागसंजुत्ताभवति
इहलोगे सुचिन्ना कम्मा परलोगे
सुहफल विवाग संजुत्ताभवंति

८७०

सव्वं सुचिण्णं सफलं नराणां

८७१

पावाउ अप्पाण निवट्टएज्जा

८७२

पिहियासव्वस्ससदंतस्स, पाव कम्मं न बंधइ

८७३

पावकम्मं, नेव कुज्जा न कारवेज्जा

८७४

पावाइं मेहावी अज्झप्पेण समाहरे

पापपुण्य

८६८

पापानुष्ठान अन्ततः दुःख ही देते है।

८६९

इस जीवन में किए हुए सत्कर्म इस जीवन में सुखदायी होते है और इस जीवन मे किए हुए सत्कर्म अगले जीवन मे भी सुखदायी होते हैं।

८७०

मनुष्य के सभी सत्कर्म सफल होते है।

८७१

पाप से आत्मा को लौटादो।

८७२

जिसने आश्रव को रोक दिया है, और जो इन्द्रियों का दमन करने वाला है उसके पाप कर्म नही बंधा करते है।

८७३

पापकर्म न तो करे न करावें।

८७४

मेधावी आत्मा ध्यान द्वारा ही पापों को दूर कर देता है।

मानव जीवन

८७५

तओठाणाइं देवे पिहेज्जा माणुस्सं भवं
आरिएखेत्ते जम्मं सुकुलपच्चायांति

८७६

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जन्तुणो
माणुसत्तं सुइ श्रद्धा, संजमम्मिय वीरियं

८७७

माणुसत्तं भवे मूलं, लाभो देवगइ भवे
मूलच्छेयेण जीवाणं, नरकतिरिक्खत्तणं धुवं

८७८

दुल्लहे खलु माणुस्से भवे

८७९

जीवा सोहि मणुप्पत्ता आययंति मणुस्सयं

८८०

पुव्वकम्मखयट्ठाए, इमं देह समुद्धरे

मानव जीवन

८७५

देवता भी तीन बातों को चाहते हैं—मनुष्य जीवन, आर्य क्षेत्र में जन्म और श्रेष्ठ कुल की प्राप्ति।

८७६

इस संसार मे मानव को चार अंग मिलने अत्यन्त कठिन हैं मनुष्यत्व, धर्म का सुनना, सम्यक् श्रद्धा और संयम मे पुरुषार्थ।

८७७

मनुष्य जीवन मूल धन है, देवगति उसमे लाभ है, मूल धन के नाश होने पर नरक तिर्यञ्च गति रूप हानि होती है।

८७८

मनुष्य जन्म निश्चय ही बडा दुर्लभ है।

८७९

संसार मे आत्माएं क्रमश. विकाश को प्राप्त करते करते मनुष्य भव को प्राप्त करती हैं।

८८०

पूर्व संचित कर्मो के क्षय के लिए ही यह देह धारण करनी चाहिए।

अभय

८८१

दाणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं

८८२

ण भाइयव्वं भीतं खु भया अइंति लहुयं

८८३

भीतो अवितिज्जओमणुस्सो

८८४

भीतो भूतेहिं घिप्पइ

८८५

भीतो अन्नं पि हु भेसेज्जा

८८६

भीतो तव संजमं पि हु मुएज्जा
भीतो य भरं न नित्थरेज्जा

८८७

न भाइयव्वं भयस्स वा वाहिस्स वा
रोगस्स वा जराए वा मच्चुस्स वा

८८८

दाणाणं चेव अभय दाणं

अभय

८८१

दानों में श्रेष्ठ अभय दान है।

८८२

भय से डरना नही चाहिए। भयभीत मानव के पास भय शीघ्र आते हैं।

८८३

भयभीत मनुष्य किसी का सहायक नहीं हो सकता।

८८४

भयाकुल मानव ही भूतो का शिकार होता है।

८८५

स्वयं ड़रा हुआ व्यक्ति दूसरों को ड़रा देता है।

८८६

भयभीत व्यक्ति तप और सयम की साधना छोड़ बैठता है भयभीत किसी भी दायित्व को निभा नही सकता है।

८८७

आकस्मिक भय से, व्याधि से, रोग से, बुढापे से और तो क्या मृत्यु से भी कभी डरना नही चाहिए।

८८८

सब दानों में अभय दान श्रेष्ठ है।

अधर्म

८८९

अहम्मं कुरण माणस्स
अफला जन्ति राइओ

८९०

पड़न्ति नरए घोरे जे नरा पावकारिणो

८९१

असंसत्तं पलोइज्जा

८८९

अधर्म कार्य करने वाले की रात्रियां निष्फल ही जाती हैं।

८९०

जो मनुष्य पाप कारी हैं वे घोर नरक में पड़ते है।

८९१

आसक्ति पूर्वक किसी के ओर मत देखो।

अनिष्ट प्रवृत्ति

८९२

संतप्पती असाहुकम्मा

८९३

दुक्खी इह दुक्कडेणं

८९४

आसयण नत्थि मुक्खो

८९५

असेयकरी अन्नेसी इंखिणी

८९६

इंखिणिया उ पाविया

८९७

वेराणुबद्धा नरयं उवेंति

८९८

सप्पहास विवज्जए

८९९

मिच्छ दिट्ठी अणारिया

९००

णिद्दं पि नो पगामाए

९०१

पाणापाणे किले संति

अनिष्ट प्रवृत्ति

८९२

असाधुकर्मी महान् ताप भोगता है।

८९३

यहा पर प्राणी दुष्कृत्यों से ही दुःखी होता है।

८९४

